website : www.grpgcrampur.com
E-mail : grpg.rmp@gmail.com

# न्यूज़ बुलेटिन

सत्र 2020–21 | अंक : 1 | 01 जुलाई – 31 दिसम्बर 2020

## राजकीय रज़ा स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रामपुर, उ0प्र0

स्थापना वर्ष :1949
(सम्बद्ध : महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली, उ.प्र.)
राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद् (नैक) द्वारा (तृतीय चक्र) 'बी' ग्रेड प्रदत्त

### प्राचार्य की कलम से...




गंगा–जमुनी तहजीब और हिन्दु–मुस्लिम भाईचारे के लिए मशहूर रामपुर उत्तर प्रदेश में अपना एक अहम मुकाम रखता है। उत्तर प्रदेश के ऐतिहासिक शहर रामपुर में स्थित राजकीय रज़ा स्नातकोत्तर महाविद्यालय विगत 1949 से उच्च शिक्षा के क्षेत्र में अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहा है। महाविद्यालय का लक्ष्य न केवल गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना है अपितु विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति की परम्पराओं से परिचित कराते हुये संस्कारवान एवं मूल्यवान शिक्षा देने के साथ ही प्रतिस्पर्धा की दौड़ में खड़ा करना है। हमारा यह प्रयास है कि विद्यार्थियों के ऐसे चरित्र का निर्माण हो जिससे वह भविष्य में परिवार, समाज व राष्ट्र निर्माण में अपना बहुमूल्य योगदान दे सकें। मेरी प्रार्थना है कि **"भद्रा हि नः प्रमतिं"** अर्थात् हमारी बुद्धि कल्याणकारी हो और हमारी संस्कृति राष्ट्र एवं विश्व के कल्याण के पथ पर अग्रसर हो क्योंकि कुछ वर्षों से सारा विश्व वैश्विक महामारी कोरोना की अग्नि में धधक रहा है। ऐसी विषम परिस्थितियों में महाविद्यालय का लक्ष्य न केवल विद्यार्थियों को इस महामारी के संक्रमण से सुरक्षित रखना है बल्कि स्वयं को, अपने परिवार को, समाज को और राष्ट्र को इस महामारी से सुरक्षित रखने के साथ–साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा भी उपलब्ध कराना है। ऋग्वेद में कहा गया **"न ऋदते श्रन्तस्य सख्याय देवा :"** अर्थात परिश्रम किये बिना देवता भी सहायक नहीं होते हैं। महाविद्यालय के सकारात्मक प्रयासों के आलोक प्रतीत इस न्यूज बुलेटिन के सत्र 2020–21 के प्रथम अंक के प्रकाशन हेतु मैं प्रधान संपादक, संपादक मण्डल के सदस्यों एवं महाविद्यालय परिवार के उन सभी सदस्यों को जिन्होंने इस न्यूज बुलेटिन के प्रकाशन में प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से अपना सहयोग प्रदान किया, उन सभी को बधाई एवं शुभकामनाएँ देता हूँ।

**डॉ0 पी0 के0 वार्ष्णेय**
**प्राचार्य**

### स्वतन्त्रता दिवस समारोह (15 अगस्त 2020)



राजकीय रज़ा स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रामपुर में भारतीय स्वाधीनता के 74 वे पावन पर्व पर प्राचार्य डॉ0 पी0 के0 वार्ष्णेय द्वारा ध्वजारोहण किया गया और राष्ट्रगान प्रस्तुत किया गया। महाविद्यालय परिसर में उपस्थित प्राध्यापकों, कर्मचारियो,छात्र–छात्राओं के साथ सामाजिक दूरी का पालन करते हुए कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समारोहक डॉ0 सै0 मो0 अरशद रिज़वी द्वारा निदेशक, उच्च शिक्षा उत्तर प्रदेश प्रयागराज के संदेश का वाचन किया गया। इस अवसर पर बोलते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 पी0 के0 वार्ष्णेय जी ने कहा कि आज देश को आजाद हुए 74 वर्ष हो गए लेकिन आज भी हमारे देश मे सुदूर ग्रामीण अंचलों में मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। सरकार विकास के लिये पर्याप्त धन दे रही है, लेकिन व्यवस्था की खामी के कारण वह धन वहाँ तक नहीं पहुँच रहा है। इस कमी को दूर करने की आवश्यकता है। साथ ही उन्होंने कोरोना महामारी से बचाव, साफ–सफाई, सामाजिक दूरी के साथ आरोग्य सेतु एवं आरोग्य कवच को प्रत्येक छात्र–छात्रा से डाउनलोड करने की अपील की। इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर में राष्ट्रीय सेवा योजना, एन.सी.सी. एवं रोवर्स–रेंजर्स के छात्र–छात्राओं द्वारा स्वच्छता अभियान भी आयोजित किया गया। महाविद्यालय परिसर में फलदार एवं फूलदार पौधों का भी रोपण किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय का समस्त स्टॉफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम का संचालन समारोहक डॉ0 सै0 मो0 अरशद रिज़वी ने किया।





### पर्यावरण क्लब द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम





वर्ष 2020–21 में उत्तर प्रदेश शासन द्वारा वृक्षारोपण हेतु निर्धारित लक्ष्य के दृष्टिगत् रखते हुये राजकीय रज़ा स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रामपुर में दिनांक 5 जुलाई 2020 को 625 पौधे रोपित किये गये, जिसमें सागौन, अमरूद, जामुन, कंजी, अर्जुन सम्मिलित थे। वृक्षारोपण कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 पी0 के0 वार्ष्णेय एवं पर्यावरण प्रभारी डॉ0 हितेन्द्र कुमार सहित सभी शिक्षकों द्वारा सक्रिय सहभागिता की गयी। वृक्षारोपण के पश्चात् शासन के निर्देशानुसार वृक्षारोपण प्रक्रिया की फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी की गयी तथा वन विभाग उ0प्र0 के ऐप पी0एम0एस0 ऐप के द्वारा जियो टैगिंग के साथ अपलोड कर दी गयी।

## सम्पादक की कलम से...



उत्तर कोरोना समय में उच्च–शिक्षा के सामने कई चुनौतियाँ मुँह बाए खड़ी हैं। ऐसे समय में उच्च–शिक्षा की शिक्षण पद्धति, परीक्षा के कार्य, मूल्यांकन की पद्धति में नए रुपान्तरण लाकर अपनी उच्च–शिक्षा को इस समय में अवस्थित करना है। साथ हीं हमें दुनिया के बड़े उच्च शिक्षण संस्थाओं के सामानांतर अपने को मजबूत एवं आकर्षक बनाना है। उच्च शिक्षा को समाहारी बनाएँ रखने के लिए भारतीय समाज के उपेक्षित एवं अति उपेक्षित समूहों को भी डिजिटल रुपांतरण से जोड़ना होगा। ऐसा लगता है कि भविष्य में उच्च–शिक्षा में शिक्षण एवं शोध, जीवंत चेहरों की उपस्थिति बोर्ड एवं स्क्रीन में बदल जायेगी। इस प्रक्रिया में मानवीय चेहरे सीधे नहीं रहेंगे, इसमें शिक्षक भी होंगे और छात्र भी, पर दोनों स्क्रीन पर होंगे और यह भी संभव है कि हमारी सामाजिकता भी स्क्रीन पर टंग जाएँ।

गत जुलाई माह से दिसम्बर 2020 तक महाविद्यालय की गतिविधियों को अपने अन्दर समेटे हुये यह 'न्यूज–बुलेटिन आपके हाथों में सौंपते हुये अत्यन्त गर्व और हर्ष से अभिभूत हूँ। राजकीय रज़ा स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रामपुर की गतिविधियों का लिखित रोजनामचा है यह 'न्यूज–बुलेटिन'। वक्त की स्लेट पर बदलती इबारतों हरकतों और अनगिनत करवटों को अपने में सजोने, सहजने की कोशिश भर है यह 'न्यूज बुलेटिन'। बदलते वक्त के साथ ढलान पर ठहरी हुई जिन्दगी में एक बार फिर सिंहरन दौड़ गई है, लेकिन एक भय, व्याकुलता और घबराहट के साथ। भविष्य में जिंदगी अतीत की तहों को खोलकर बारीकी से देखने की कोशिश करेगी, ऐसे में इस न्यूज बुलेटिन के पन्ने उसे एक बार फिर स्मृतियों के आगोश से बहकर आई सुवासित मन्द समीर सा सहलाने लगेंगे। वक्त की लहर आयेगी और कुछ शंख, कुछ सीपियाँ छोड़ जायेगी –ये आपके उपहार होंगे। चलिए...

**" जिन्दगी के समन्दर किनारे चले,**
**वक्त की लहरों से बाते करें! "**

मंगलकामनाओं सहित!

**डॉ० अब्दुल लतीफ़**
प्रधान संपादक
मो० : 9219258910
ई–मेल : dr.abdullatif74@gmail.com

## हिन्दी विभाग द्वारा हिन्दी सप्ताह का आयोजन



राजकीय रज़ा स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रामपुर में "राजभाषा हिन्दी परिषद्" के तत्वावधान में दिनांक 14 से 21 सितम्बर 2020 तक ऑनलाइन हिन्दी सप्ताह का आयोजन किया गया। इसके अन्तर्गत राजभाषा हिन्दी के उत्थान एवं प्रचार–प्रसार हेतु महाविद्यालय में ऑनलाइन अनेक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जैसे निबन्ध लेखन, कविता लेखन, पोस्टर प्रतियोगिता आदि। निबन्ध लेखन में प्रथम स्थान मो० यासिर खान, द्वितीय स्थान कामरान एवं तृतीय स्थान कु० रुचि ने प्राप्त किया। पोस्टर प्रतियोगिता में संयम अग्रवाल ने प्रथम, तनु रस्तोगी ने द्वितीय और कु० रुचि ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के संयोजक हिन्दी विभाग के प्रभारी डॉ० अरुण कुमार रहे। डॉ० जेबी नाज़ और डॉ० राजीव पाल ने सहयोग प्रदान किया।

## पोषण पखवाड़ा (1–15 सितम्बर 2020) के अन्तर्गत विचार गोष्ठी

राजकीय रज़ा स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रामपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाईयों द्वारा पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम के अन्तर्गत विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस विचार गोष्ठी के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र एवं छात्राओं ने भुखमरी, बाल कुपोषण एवं महिला कुपोषण आदि विषय पर अपने विचार रखे। छात्रा फेमिना ने कहा कि हमें ताजे फल का इस्तेमाल करना चाहिए।




छात्रा तैयबा ने कहा कि ग्रामीण परिवेश में कुपोषण एक बहुत बड़ी समस्या है जिसका निपटारा करने के लिये हमें ताजे खाद्य पदार्थो का इस्तेमाल करना चाहिए। प्राचार्य डॉ० पी० के० वार्ष्णेय जी ने कहा कि ये पोषण और बच्चों को स्तनपान करने वाली माँ और किशोर बच्चों पर इसके महत्व के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिये एक मिशन है। डॉ० वी० के० राय ने कहा कि भारतीय संस्कृति में खाद्य पदार्थो का महत्वपूर्ण स्थान है मौसमी फल एवं सब्जियों का प्रयोग कुपोषण की समस्या को हल करने में लाभदायक सिद्ध होगा। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉ० राम कुमार ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ० निधि गुप्ता ने किया कार्यक्रम में विशेष सहयोग डॉ० वी० के० राय एवं डॉ० ब्रह्म सिंह का रहा। इस अवसर पर महाविद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।



पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत विचार गोष्ठी का आयोजन

## माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिन पर कार्यक्रम (17 सितम्बर 2020)



माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिन के अवसर पर राजकीय रज़ा स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रामपुर में पीपल के पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय बरेली के कुलपति प्रोफेसर के० पी० सिंह एवं विशिष्ट अतिथि श्री अशोक श्रोती एवं डॉ० अंशुमाली शर्मा, कार्यक्रम समन्वयक डॉ० सोम पाल सिंह रहे। प्राचार्य डॉ० पी० के० वार्ष्णेय ने पीपल के वृक्षों का रोपण किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ० वी० के राय, डॉ० ब्रह्म सिहं, डॉ० राम कुमार, डॉ० निधि गुप्ता, डॉ० मुद्रित सिंघल, डॉ० एम०पी०एस० यादव, डॉ० हितेन्द्र कुमार, डॉ० विनय शर्मा, डॉ० ललित कुमार, डॉ० जहांगीर अहमद खान, डॉ० मुजाहिद अली, डॉ० विनय कुमार चौधरी एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र/छात्राऐं उपस्थित रहे।

## एन.सी.सी. यूनिट के तत्वावधान में कार्यक्रमों का आयोजन







राजकीय रज़ा स्नातकोतर महाविद्यालय, रामपुर में एन.सी.सी यूनिट के तत्वावधान में सत्र 2020–21 में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। महाविद्यालय को एन.सी.सी. की स्वीकृति 1968 में प्रदान की गयी थी। सन् 1968 से आज तक एन.सी.सी की यूनिट कार्यरत है। एन.सी.सी.के अन्तर्गत 105 कैडेटस प्रशिक्षण ले रहे है जो कि महाविद्यालय का शैक्षिक वातावरण बनाये रखने में अपनी अहम् भूमिका अदा करते हैं। महाविद्यालय के बहुत से ऐसे कैडेटस जो आर्मी में भर्ती होकर देश की सेवा कर रहे हैं। वायुसेना, नौसेना तथा अन्य सेनाओं एवं विभागों में महाविद्यालय के एन.सी.सी. के छात्र कार्यरत हैं। एन.सी.सी. का मोटो **एकता एवं अनुशासन** है। जब महाविद्यालय के कैडेटस ड्रिल करते हैं तब उनका अनुशासन देखते ही बनता है। महाविद्यालय के गत वर्ष दो कैडेटस थल सेना कैम्प के माध्यम से दिल्ली में प्रतिभाग किया जो कि महाविद्यालय के लिये गौरव की बात है। वर्तमान में 50 एन.सी. सी. छात्रा एवं 55 एन.सी.सी. छात्र, एन.सी.सी. प्रभारी, ले० डॉ० प्रवेश कुमार के निर्देशन में प्रशिक्षण ले रहे हैं। एन.सी.सी. कैडेटस ने इस वर्ष स्वच्छता अभियान, पर्यावरण संरक्षण, पॉलीथिन पर रोक, वृक्षारोपण, जल संरक्षण, साफ–सफाई एवं रक्तदान आदि जनजगरुकता अभियान चलाया। देश सेवा का संकल्प लेकर एन.सी.सी. कैडेटस विभिन्न जागरूकता अभियान चलाते है और अपने चरित्र का निर्माण करते है। एन.सी.सी यूनिट द्वारा किये गये कार्यों की कुछ झंलाकिया :–









## आन्तरिक गुणवत्ता मूल्यांकन समिति (IQAC) की बैठक

दिनांक 23 जुलाई 2020 एवं 8 अक्टूबर 2020 को महाविद्यालय की आन्तरिक गुणवत्ता मूल्यांकन समिति की वर्चुअल बैठक आयोजित की गयी। जिसकी अध्यक्षता प्राचार्य डॉ० पी० के० वार्ष्णेय द्वारा की गयी। बैठक में आई.क्यू. ए.सी. समिति के सभी सम्मानित सदस्यों के द्वारा विचार विमर्श कर महाविद्यालय के लिए भविष्य का एजेंडा तैयार किया गया। जिसके अन्तर्गत पूर्व बैठक में लिये गये निर्णय पर विचार हुआ साथ ही लॉकडाउन में महाविद्यालय में विभिन्न गतिविधियों, प्रवेश प्रक्रिया, कोविड–19 में शिक्षण कार्य, संस्थान के विकास हेतु योजना, विभिन्न नवीन विषयों एवं व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की शुरुआत तथा महाविद्यालय में शिक्षण एवं शिक्षणेत्तर गतिविधियों पर विचार किया गया। इस अवसर पर आई.क्यू.ए.सी. के सभी सम्मानित सदस्य उपस्थित रहें। बैठक के अन्त में **आई.क्यू.ए.सी. की समन्वयक डॉ० सीमा तेवतिया** ने सभी का आभार व्यक्त किया।



## महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जयन्ती (दिनांक 02 अक्टूबर 2020)




राजकीय रज़ा स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रामपुर में आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की 151 वीं जयंती एवं देश के दूसरे प्रधानमंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती के अवसर पर महाविद्यालय में स्टॉफ क्लब के तत्वावधान में महाविद्यालय में प्रातः 8:45 बजे महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 पी0 के0 वार्ष्णेय जी द्वारा ध्वजारोहण किया गया। तत्तपश्चात् राष्ट्रगान प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य प्रो0 डॉ0 पी0 के0 वार्ष्णेय जी द्वारा सत्य, अंहिसा और स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। राष्ट्रीय सेवा योजना, एन.सी.सी, रोवर्स–रेंजर्स एवं महाविद्यालय के प्राध्यापकों द्वारा वृक्षारोपण एवं श्रमदान भी किया गया। प्रातः 9:00 बजे महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 डॉ0 पी0 के0 वार्ष्णेय सहित महाविद्यालय के प्राध्यापकों, अतिथियों एवं छात्र/छात्राओं द्वारा महात्मा गांधी एवं श्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्र का अनावरण किया गया और उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किये गये। इस अवसर पर महाविद्यालय में सर्वधर्म प्रार्थना सभा का भी आयोजन किया गया। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं श्री लाल बहादुर शास्त्री जी के व्यक्तित्व एवं कृतिव्य पर वक्ताओं द्वारा प्रकाश डाला गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 पी0 के0 वार्ष्णेय जी ने कहा कि भारतीय स्वाधीनता संग्राम के महानामक, सत्याग्रह तथा अंहिसा आन्दोलन के जनक, भारत की राजनैतिक, सामाजिक एकता व समरसता के सूत्रधार एवं आधुनिक राष्ट्र के स्वप्न को साकार रूप प्रदान करने वाले महात्मा गांधी जी का जन्मदिन उनके आदर्शों, सिद्धान्तों व सद्विचारों के प्रति समर्पित होने का अवसर प्रदान करता है। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक, कर्मचारी एवं छात्र/छात्राऐं उपस्थित रहें। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय के समारोहक डॉ0 सै0 मोहम्मद अरशद रिज़्वी ने किया।



## विश्व हाथ धुलाई दिवस (दिनांक 15 अक्टूबर 2020)




शिक्षा निदेशक उच्च शिक्षा, प्रयागराज,उ0प्र0 के पत्र संख्या 4092/सत्तर–3–2020–08(51)2020 दिनांक 13 अक्टूबर 2020 के अनुपालन में महाविद्यालय द्वारा दिनांक 15 अक्टूबर 2020 को विश्व हाथ धुलाई पर राष्ट्रीय ई–संगोठी का आयोजन किया गया। इस राष्ट्रीय ई–संगोष्ठी की समन्वयक डॉ0 सीमा तेवतिया एवं आयोजन सचिव डॉ0 बेबी तबस्सुम रहीं।



## समारोह इण्डिया 75 कार्यक्रम का आयोजन


राष्ट्र धर्म एवं राष्ट्रवाद विषय पर एक वैचारिक गोष्ठी का आयोजन

भारत की स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में महाविद्यालय में समारोह इण्डिया 75 अमृत महोत्सव के अन्तर्गत महाविद्यालय में "राष्ट्रधर्म एवं राष्ट्रवाद" विषय पर एक वैचारिक ग्रोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न छात्र–छात्राओं, प्राध्यापकों ने अपने विचार रखें। इस अवसर पर महाविद्यालय में भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की संघर्ष गाथा विषय पर एक निबन्ध का आयोजन भी किया गया। इस प्रतियोगिता में अभिषेक चौहान, बी0एससी तृतीय वर्ष ने प्रथम, खुशबू चौहान, बी0ए0 द्वितीय वर्ष ने द्वितीय स्थान एवं सुधा सैनी और आदिवा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का आयोजन डॉ0 मौ0 नासिर ने किया। डॉ0 अरविन्द, डॉ0 मानिक रस्तोगी, डॉ0 अजय विक्रय सिंह, डॉ0 सुमनलता, डॉ0 मुद्रित सिंघल, डॉ0 मो0 कामिल, डॉ0 रेशम परवीन, डॉ0 अमित अग्रवाल ने सहयोग प्रदान किया।


राष्ट्र धर्म एवं राष्ट्रवाद विषय पर एक वैचारिक गोष्ठी का आयोजन

## सरदार बल्लभ भाई पटेल एवं महर्षि वाल्मीकि जयन्ती


रजा कॉलेज में मनाई गई महर्षि वाल्मीकि एवं पटेल जयंती

दिनांक 31–10–2020 को महाविद्यालय द्वारा सरदार बल्लभ भाई पटेल जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापकों एवं छात्र–छात्राओं द्वारा सरदार बल्लभ भाई पटेल व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 पी0 के0 वार्ष्णेय ने राष्ट्रीय एकता में सरदार बल्लभ भाई पटेल की भूमिका एवं डॉ0 मो0 नासिर ने सरदार बल्लभ भाई पटेल से जुड़ी ऐतिहासिक घटनाओं पर अपने विचार व्यक्त किये।

# मिशन शक्ति कार्यक्रम (दिनांक 17 से 25 अक्टूबर 2020)


लड़का-लड़की का भेद मिटायें




अपर मुख्य सचिव, उच्च शिक्षा, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ के पत्रांक संख्या 5120/सत्तर–3–2020;08(51)/2020 दिनांक 15 अक्टूबर 2020 के अनुपालन में महाविद्यालय द्वारा महिलाओं और बलिकाओं की सुरक्षा एवं सम्मान के लिये मिशन शक्ति कार्यक्रम का आयोजन वृहद स्तर पर किया गया। दिनांक 17 – 25 अक्टूबर 2020 तक महाविद्यालय द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सहभागिता, सम्मान एवं आत्म–सुरक्षा तथा पोक्सो एक्ट एवं महिला अपराध सम्बन्धी कानूनी का वृहद प्रचार–प्रसार के लिये महाविद्यालय द्वारा राष्ट्रीय ई–संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम शारदीय नवरात्र एवं बासन्तिक नवरात्र के मध्य निरंतर जारी रखने के लिये महाविद्यालय द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये। इन राष्ट्रीय ई–संगोष्ठी में उच्च शिक्षा क्षेत्र के विद्वान वक्ताओं को आमंत्रित किया गया। इस मिशन शक्ति कार्यक्रम के नोडल अधिकारी महाविद्यालय के असिस्टेन्ट प्रो० (डॉ०) मुजाहिद अली रहे। दिनांक 17–10–2020 को महिला सुरक्षा एवं सम्मान हेतु अनावरण अभियान के अन्तर्गत महिला सशक्तिकरण में **ओपन डिस्टेंस लर्निंग** की भूमिका विषय पर वेब संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का शुभारंभ मां सरस्वती की वंदना द्वारा किया गया। जिसमें प्राचार्य डॉ० पी० के० वार्ष्णेय ने कहा कि मिशन शक्ति अभियान समाज में महिलाओं एवं बलिकाओं के प्रति सम्मान की जागरूकता लाने का प्रयास है जिसमें महिलाओं और बलिकाओं के प्रति समाज में सम्मान की भावना विकसित हो। मुख्य वक्ता इग्नू के समन्वयक डॉ०प्रदीप कुमार ने बताया कि इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय एवं राजश्री टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय के द्वारा **ओपन डिस्टेंस लर्निंग** के माध्यम से बालिकाओं एवं महिलाओं को उच्च शिक्षा के अवसर उपलब्ध कराये जा रहे है इसके बाद आयोजन सचिव डॉ० बेबी तबस्सुम ने कार्यक्रम के विषय पर प्रकाश डाला। इसके पश्चात महाविद्यालय के प्राचार्य एवं कार्यक्रम के संरक्षक डॉ० पी० के० वार्ष्णेय ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए अपने संबोधन में एक वीडियो के माध्यम से बताया कि सभी को अपने अपने बच्चों को अवेयर करना चाहिए ताकि वो कभी किसी भी महिला के साथ किसी भी प्रकार के अपराध में संलिप्त न रहे। तत्पश्चात कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के तौर पर सम्मिलित डी.ए.बी. कॉलेज मुज्जफरनगर की डॉ० गारिमा द्वारा समाज में महिलाओं के साथ हो रहे विभिन्न प्रकार के उत्पीड़नों को विस्तार से बताया गया तथा इन उत्पीड़नों के खिलाफ महिलाओं को प्राप्त विशेष अधिकारों, कानूनी प्रावधानों के बारे में विस्तार से बताया। दूसरे वक्ता के तौर पर सम्मिलित डॉ० जागृति मदान ने बताया कि किस प्रकार महिलाएं एवं लड़कियां समाज में हो रहे अत्याचार एवं उत्पीड़न के समय किस प्रकार पुलिस द्वारा सहायता ली जा सकती है तथा महिला हैल्प लाइन नंबर 1091 की जानकारी दी गई। इसके बाद कार्यक्रम की समन्यवक डॉ० दीपा अग्रवाल ने सभी को शपथ दिलाई तथा महिला सशक्तीकरण के बारे में जानकारी दी। तत्पश्चात कार्यक्रम कि आयोजन सचिव डॉ० बेबी तबस्सुम ने भी महिलाओं की सुरक्षा के कानूनी प्रावधान विषय पर अपने विचार रखे। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय की डा. विनीता सिंह, डॉ० जागृति मदान, डॉ० दीपा अग्रवाल, डॉ० सीता तेवितया, डॉ० एस. एस यादव, डॉ० प्रवेश कुमार, डॉ० मुजाहिद अली, डॉ० मो0 नासिर, डॉ० अरशद रिज़वी, डॉ० अरुण कुमार, डॉ० मीनाक्षी गुप्ता, डॉ० सहदेव, अभिभावक एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन आयोजन सचिव डॉ० बेबी तबस्सुम ने किया।


महिलाओं के लिए विधिक एवं मनोवैज्ञानिक परामर्श हेतु जागरूकता कार्यक्रम का किया गया आयोजन


रजा पीजी कालेज में आयोजित बाल विकास विषय पर ई-संगोष्ठी




दिनांक 18 दिसम्बर 2020 को महिला एवं बाल विकास विषय पर राष्ट्रीय ई–सगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभांरम्भ सरस्वती वंदना से किया गया। तदुपरांत संगोष्ठी के आयोजन सचिव डॉ० अरुण कुमार ने कार्यक्रम का परिचय एवं रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि मिशन शक्ति कार्यक्रम उत्तर प्रदेश शासन का अत्यन्त महत्वकांक्षी कार्यक्रम है जिसका उद्देश्य लैंगिग असमानता को दूर करना है। ई–संगोष्ठी की मुख्य वक्ता जे० एस० हिन्दू कॉलेज, अमरोहा की पूर्व प्राचार्य डॉ० वन्दना रानी गुप्ता ने कहा कि समाज में महिला सशक्तिकरण तभी सम्भव है जब पुरुषों के हृदय में उनके लिये सम्मान होगा और वे संस्कारी बनेगें। कार्यक्रम का संचालन संयोजक डॉ० बेबी तबस्सुम ने किया धन्यवाद ज्ञापन डॉ० जहांगीर अहमद खां ने किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक, छात्र–छात्राऐं और अभिभावक उपस्थित रहे। अन्त में कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान द्वारा किया गया।

## मार्शल आर्ट प्रशिक्षण कार्यशाला (दिनांक 17–25 अक्टूबर 2020)




मिशन शक्ति कार्यक्रम के अन्तर्गत महाविद्यालय द्वारा दिनांक 17–25 अक्टूबर 2020 को नौ–दिवसीय ऑनलाइन मार्शल आर्ट प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला में मार्शल आर्ट प्रशिक्षकों द्वारा छात्राओं को ऑनलाइन प्रशिक्षण दिया गया। इस कार्यक्रम के संरक्षक/प्राचार्य डॉ० पी० के० वार्ष्णेय, कार्यक्रम समन्वयक डॉ० जागृति मदान एवं नोडल अधिकारी डॉ० मुजाहिद अली, डॉ० मीनाक्षी गुप्ता, डॉ० क़ुसुम लता डॉ० सीमा तेवतिया, डॉ० अजीता रानी आदि उपस्थित रहे। कुछ झलकियाँ :–









शिविर में छात्राओं ने सीखे आत्मरक्षा के गुर



## थीम बेस्ड लिटरेरी फेस्ट एवं फाइन आर्टस समिट (पुस्तक मेले का आयोजन) दिनांक 01 दिसम्बर 2020




राजकीय रज़ा स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रामपुर में दिनांक 01 दिसम्बर 2020 को थीम बेस्ट लिटरेरी फेस्ट (पुस्तक मेले) का आयोजन किया गया। जिसका शुभांरम्भ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ० पी० के० वार्ष्णेय जी ने किया। इस अवसर पर उन्होंने बोलते हुये कहा कि साहित्य, मनुष्य और समाज को बदलना का सबसे प्रमुख माध्यम है, मनुष्य की सोच, भाव और क्षमता को बदलने का काम साहित्य करता है। डॉ० दीपा अग्रवाल ने कहा शब्द के साथ संवाद की बहुत आवश्यकता होती है क्योंकि जब शब्द से संवाद रुक जाता है तो हिंसा शुरू हो जाती है। समारोहक डॉ० सै० मो० अरशद रिज़वी ने कहा भूमण्डलीकरण और व्यवसायिकता के दौर में आत्मीयता का अभाव है और साहित्य इन सबसे बड़ा है। डॉ० बेबी तबस्सुम ने कहा कि आज के दौर में समाज दो प्रमुख समस्याओं से जुझ रहा है एक हिंसा और दूसरी महिलाओं के साथ बदसलूकी, यह पर दोनों के बीच साहित्य की जिम्मेदारी बहुत बढ़ जाती है। इस अवसर पर महाविद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। महाविद्यालय में पुस्तक मेले की कुछ झलकियाँ :–







## स्वच्छता पखवाड़ा रैली का आयोजन (12 दिसम्बर 2020)




राजकीय रज़ा स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रामपुर में दिनांक 10 दिसम्बर 2020 को एन.सी.सी. कैडटस द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा रैली का आयोजन किया गया। एन.सी.सी. महानिदेशक नई दिल्ली एवं 23 उत्तर प्रदेश बटालियन, एन.सी.सी. मुरादाबाद के दिशा निर्देशन में 1 से 15 दिसम्बर 2020 तक 15 दिवसीय स्वच्छता पखवाड़ा के अन्तर्गत स्वच्छता रैली का आयोजन किया गया। रैली का शुभांरम्भ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ० पी० के० वार्ष्णेय जी ने किया। रैली का उद्देश्य समाज को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना था। रैली में एन.सी.सी. कैडटस ने सड़कों के किनारे से पॉलीथीन उठाकर सफाई अभियान का भी कार्य किया। इस रैली के आयोजन में महाविद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।



## स्वर्णिम विजय दिवस ( 16 दिसम्बर 2020 ) का आयोजन

राजकीय रज़ा स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रामपुर में एन.सी.सी यूनिट के तत्वावधान में दिनांक 16 दिसम्बर 2020 को **स्वर्णिम विजय दिवस** का आयोजन किया गया। भारतीय सैनिकों के शौर्य और साहस की वीरगाथा है विजय दिवस। ये युद्ध भारत के लिये ऐतिहासिक युद्ध माना जाता है इसलिये देशभर में भारत की पाकिस्तान पर जीत के उपलक्ष्य में 16 दिसम्बर को **विजय दिवस** के रूप में मनाया जाता है। ऐसा कहा जाता है कि वर्ष 1971 के युद्ध में तकरीबन 39,00 भारतीय सैनिक शहीद हो गये थे और लगभग 9,851 घायल हुये थे। इस अवसर पर बोलते हुये प्राचार्य डॉ० पी० के० वार्ष्णेय ने कहा भारत बहादुर योद्धाओं की भूमि है जहाँ मातृभूमि की रक्षा के लिये जीवन की बाजी लगाने से भी लोग नहीं डरते है। इस अवसर पर महाविद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम के आयोजन एन.सी.सी. प्रभारी ले० डॉ० प्रवेश कुमार ने किया। कुछ झलाकियाँ



## रोवर्स–रेंजर्स शिविर (2020–2021)



उत्तर प्रदेश भारत स्काउट गाइड के तत्वावधान में महाविद्यालय में रोवर्स–रेंजर्स का तीन दिवसीय शिविर का आयोजन 27, 28 एवं 29 दिसम्बर 2020 को महाविद्यालय परिसर में आयोजित किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य एवं रोवर्स रेंजर्स प्रभारी के कुशल निर्देशन में रोवर लीडर डॉ० आर0 के0 सागर एवं रेजर्स लीडर डॉ० रेनू भविष्य की पीढ़ी को सजो रहे है। सत्र 2020–21 महाविद्यालय के रोवर्स रेंजर्स छात्र/छात्राओं ने ध्वज शिष्टाचार, मार्च पास्ट, अतिथि माल्यार्पण, बैंज अलंकरण, स्मृति चिह्न, पोस्टर एवं नारा लेखन प्रतियोगिता, यूथ फोरम (वाद–विवाद प्रतियोगिता), टैंट, पुल, पेपरवेट, पाक कला आदि प्रतियोगिताओं में सहभागिता की। तीन दिवसीय विशेष शिविर में उक्त प्रतियोगिताओं के आधार पर सर्वश्रेष्ठ रोवर एवं रेंजर का चयन किया गया। सर्वश्रेष्ठ रोवर बनने का गौरव **अमित दिवाकर** एवं सर्वश्रेष्ठ रेंजर बनने का गौरव **सुधा सैनी** को हासिल हुआ।



## भारत रत्न माननीय अटल बिहारी वाजपेयी जन्म दिवस (दिनांक 25 दिसम्बर 2020 )

अपर मुख्य सचिव उच्च शिक्षा उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ के पत्रांक संख्या 5706(1)/सत्तर–3–2020 दिनांक 17 दिसम्बर 2020 के अनुपालन में महाविद्यालय में दिनांक 21 से 25 दिसम्बर 2020 को राष्ट्र निर्माण के पुरोधा देश के लब्ध प्रतिष्ठित हिन्दी कवि, पत्रकार व एक प्रखर वक्ता भारत रत्न माननीय अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में ऑनलाइन निबन्ध प्रतियोगिता एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। निबन्ध प्रतियोगिता का विषय था **व्यक्ति के जीवन में धर्म एवं राष्ट्र की भूमिका।**

## राष्ट्रीय सेवा योजना/रोवर्स–रेंजर्स द्वारा लॉकडाउन में किये गये नि:शुल्क मास्क वितरण



## एन.सी.सी. यूनिट के तत्वावधान में फ्रीडम रन का आयोजन



## राष्ट्रीय ई–संगोष्ठी (29 अगस्त 2020) विषय – नई शिक्षा नीति 2020 कौशल विकास में औद्योगिक क्षेत्र का समन्वय






अवाम-ए-हिन्द

रज़ा पी जी कालेज से नई शिक्षा नीति पर वर्चुअल कान्फ्रेंस का आयोजन




राजकीय रज़ा स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रामपुर में दिनांक 29 अगस्त 2020 को महाविद्यालय की आई.क्यू.ए.सी. के तत्वावधान में वर्चुअल संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसका विषय था **"नई शिक्षा नीति 2020 कौशल विकास में औद्योगिक क्षेत्र का समन्वय"**। संगोष्ठी का शुभारम्भ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ० पी० के० वार्ष्णेय जी ने अपने स्वागत सम्बोधन से किया। प्राचार्य डॉ० पी० के० वार्ष्णेय ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुये कहा कि ई–एजुकेशन को बढ़ावा देना चाहिए तथा नये–नये इन्नोवेशन होने चाहिए। नयी शिक्षा नीति 2020 इसे उद्देश्य को ध्यान में रखकर लागू की गई है। कार्यक्रम की मुख्य संरक्षक **उच्च शिक्षा निदेशक डॉ० वन्दना शर्मा** ने कहा कि हमारी जो सांस्कृतिक विरासत और कौशल विकास है, उसको हथियार बनाकर सम्पूर्ण शिक्षा जगत को लड़ना है। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ० पी० एन० डोगरे ने कहा महाविद्यालय के समग्र विकास एवं कौशल विकास हेतु कई उद्योग के साथ एम.ओ.यू. किये है। ग्रामीण अंचलों के छात्र/छात्राओं और उनके कौशल को ध्यान में रखते हुये नई शिक्षा नीति में कौशल विकास हेतु कई तकनीकियों का समावेश किया गया है। डॉ० ए० के० सक्सैना ने कहा कि ये शिक्षा नीति ऐसे विद्यार्थियों के लिये एक सुनहरा अवसर है। इस संगोष्ठी में डॉ० मुनींद्र मिश्रा, बरेली कॉलेज की डॉ० वन्दना शर्मा, डॉ० दिनेश चन्द्र शर्मा आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किये। इस संगोष्ठी का संचालन आयोजन सचिव डॉ० बेबी तबस्सुम ने किया। डॉ० प्रिया बजाज ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस संगोष्ठी में सहायक निदेशक उच्च शिक्षा डॉ० बी० एल० शर्मा, क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी बरेली, डॉ० राजेश प्रकाश, डॉ० टी० यू० महेन्द्र, श्री इन्द्रपाल सिंह एवं महाविद्यालय का समस्त प्राध्यापकगण उपस्थित रहे।

## युवा महोत्सव 'उमंग' (दिनांक 8 से 10 दिसम्बर 2020

राजकीय रज़ा स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रामपुर में दिनांक 08 से 10 दिसम्बर 2020 युवा महोत्सव 'उमंग' का आयोजन किया गया। जिसमें अनेक रंचात्मक गतिविधियाँ का आयोजन किया गया।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ० पी० के० वार्ष्णेय ने मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथियों का स्वागत करते हुये कहा कि कोविड–19 के दिशा निर्देशों का अनुपालन करते हुये युवा महोत्सव का आयोजन किया गया है। मुख्य अतिथि सीडीओ ग़ज़ल भारद्वाज ने अपने सम्बोधन में कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम जीवन में बहुत कुछ पाने की प्ररेणा देते है। इससे हमको बहुत बहुरंगी ऊर्जा मिलती है। स्कूल और कॉलेजों में जो सामाजिक अन्तर्सम्बन्ध बनते है उससे हमें जीवन के विभिन्न मुद्दों को सुलझाने में बहुत मदद मिलती है। विशिष्ट अतिथि रज़ा महिला महाविद्यालय रामपुर के प्राचार्य डॉ० अतुल शर्मा जी ने अपने सम्बोधन में कहा आज हम कोरोना महामारी के वातावरण से निकल कर आगे जा रहे हैं। पुराना वक्त जो गुजरा उसमें कुछ बुराई अवश्य थी लेकिन मानव को उससे कुछ सीखने का अवसर मिला है। तीन दिवसीय युवा महोत्सव उमंग में छात्र–छात्राओं ने न केवल शैक्षणिक बल्कि गायन, भाषण, चित्रकला, भत्तिकला, अभिनय इत्यादि प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग किया। फैंन्सी ड्रेस प्रतियोगिता में अभिषेक चौहान, आसिफ सैफी एवं फौजिया ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। एकल गायन में आसिफ सैफी प्रथम, उलजला द्वितीय एवं हरिराम यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर गंज थाना प्रभारी श्री रामवीर जी, मुख्य शास्ता डॉ० विनीता सिंह, डॉ० एस० एस० यादव, डा० सहदेव, डॉ० जहांगीर अहमद खान, डॉ० राजीव पाल, डॉ० हितेन्द्रर कुमार, डॉ० दीपमाला, प्रो० सै० अब्दुल वाहिद शाह, डॉ० प्रदीप कुमार, डॉ० जुबैर अनीस सहित महाविद्यालय के समस्त कर्मचारी एवं छात्र–छात्राऐं आदि मौजूद रहें। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय के समारोहक डॉ० सै० मुहम्मद अरशद रिज़वी ने किया।







| संरक्षक | प्रधान सम्पादक | सम्पादक मण्डल |
|---|---|---|
| डॉ० पी० के० वार्ष्णेय<br>प्राचार्य | डॉ० अब्दुल लतीफ़ | डॉ० सीमा तेवतिया<br>डॉ० प्रदीप कुमार |